Seventeenth Loksabha

an>

Regarding sanction for construction of roads in Ganganagar Constituency

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): माननीय सभापति जी, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान राजस्थान की एक सड़क की तरफ दिलाना चाहूँगा। वैसे तो भारतमाला और ग्रीन कॉरिडोर से केन्द्र सरकार ने पूरे देश को जोड़ा है। इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूँगा, लेकिन मैं सरकार से एक आग्रह भी करना चाहता हूँ कि वर्ष 2019 में उदयपुर में प्रधानमंत्री जी के सामने आदरणीय नितिन गडकरी साहब ने मेरे संसदीय क्षेत्र की एक सड़क, जो सूरतगढ़ से रावतसर वाया बडोपल जाती है, की घोषणा की थी। इस सड़क को एनएचएआई के द्वारा बनाया था। इसके लिए भूमि अधिग्रहण हो गई थी और इसकी डीपीआर भी तैयार हो गई थी।

आपके माध्यम से, मेरा केन्द्र सरकार और माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि इस सड़क को तुरंत स्वीकृत करके चालू कराया जाए।

बहुत-बहुत धन्यवाद।